चेक डैम्स और तालाबों से बदल रही सूखाग्रस्त बुंदेलखंड की तस्वीर

चर्चा में क्यों?

हाल ही में उत्तर प्रदेश सरकार के एक प्रवक्ता ने बताया कि नये चेक डैम्स और तालाबों के निर्माण से सिंचाई के लिये पानी की उपलब्धता से क्षेत्र में कृषि उपज में वृद्धि के साथ पशुओं के लिये पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित हो रही है।

प्रमुख बिंदु

- जल शक्ति मंत्रालय के लघु सिंचाई विभाग ने बुंदेलखंड पैकेज के तीसरे चरण के तहत 317 चेक डैम्स का निर्माण और 218 तालाबों के जीर्णोद्धार का काम पूरा कर लिया है। योजना के तहत 328 चेक डैम्स तथा 238 तालाबों के निर्माण का लक्ष्य रखा गया है।
- गौरतलब है कि बुंदेलखंड एक सूखाग्रस्त पठारी क्षेत्र है, जिसके अंतर्गत उत्तर प्रदेश के 7 ज़िले तथा मध्य प्रदेश के 8 ज़िले शामिल हैं।
- बुंदेलखंड क्षेत्र में जलाभाव की समस्या को देखते हुए ही केन-बेतवा लिंक परियोजना के संबंध में दोनों राज्यों (उत्तर प्रदेश एवं मध्य प्रदेश) के मध्य समझौता किया जा चुका है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/picture-of-drought-hit-bundelkhand-changing-from-check-dams-and-ponds